time taken varies from case to case depending upon the nature of the issues involved, conduct of the parties etc.

There is no problem of availability of funds with the DG(I&R) for the production of these 13 witnesses.

वनस्पति घी में मिलावट

3655. **श्री राम जेठमलानी :**
श्री राम नरेश यादव :

क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि न्यायालय ने हाल में सरकारी क्षेत्र के एक औद्योगिक एकक, गणेश फ्लोर मिल को इसके द्वारा उत्पादित वनस्पति में कथित मिलावट करने का जिम्मेदार पाया है ;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) सरकार ने उक्त मिल में तथा इसी प्रकार की अन्य मिलों में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न होने देने के लिए और क्या कदम उठाये हैं ?

उद्योग मंत्री (श्री जे. वेंगल राव) : (क) और (ख) जी, हां। 3 नवम्बर, 1983 को मेसर्स प्रकाश स्वीट्स, रामकृष्ण पुरम, नई दिल्ली की दुकान से खाद्य निरीक्षक द्वारा वनस्पति के लिए गए नमूने के आधार पर जांच न्यायालय ने गणेश फ्लोर मिल्स कम्पनी लि० (अब हिन्दुस्तान वनस्पति तेल निगम लि०) तथा उसके नामित को खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम की धारा 7/6 के अधीन अपराध का दोषी पाया है। यह वनस्पति गणेश मिल्स कम्पनी द्वारा विनिर्मित की गई थी और इसे न्यूनतम निर्धारित सीमा 31° सेण्टीग्रेट की तुलना में 30° सेण्टीग्रेट वनस्पति के प्रद्रवण अंक और 1.25% की निर्धारित सीमा की तुलना में 3.20% तक असाबुनीकरणीय पदार्थ की मौजदगी को देखते हुए इसे अपमिश्रित पाया गया था। जांच न्यायालय के निर्णय के खिलाफ सत्र न्यायालय में अपील दायर कर दी गई तथा यह मामला न्यायाधीन है।

(ग) हिन्दुस्तान वनस्पति तेल निगम लि० दिल्ली से पाक्षिक रूप से नियमित नमूने भरे जाते हैं ताकि यह देखा जा सके कि क्या वे वी०ओ०पी० (किस्म-मानक) आदेश, 1975 के अधीन विशिष्टियों के अनुरूप हैं। विभिन्न राज्यों में स्थित वनस्पति एककों से प्रायः हर महीने ऐसे नमूने भी लिए जाते हैं।

मध्य प्रदेश में पेट्रो-रसायन एकक

3656. **श्री अजीत जोगी :**
ठाकुर जगतपाल सिंह :

क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने केन्द्रीय सरकार से उस राज्य में बाम्बे हाई से उपलब्ध प्राकृतिक गैस पर आधारित एक रिफिलोन क्रेकर एकक तथा एक प्रोफिलीन पालीप्रोपिलीन एकक स्थापित किए जाने का अनुरोध किया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

उद्योग मंत्री (श्री जे. वेंगल राव) : (क) और (ख) एच बी जे पाइपलाइन पर आधारित एक पालिप्रोपिलीन एकक स्थापित करने हेतु मध्य प्रदेश सरकार से एक अनुरोध प्राप्त हुआ है। इस अनुरोध पर तकनीकी-आर्थिक पहलुओं के आधार पर यथासमय निर्णय लिया जाएगा। मामलों पर अंतिम निर्णय लिये जाने तक इस संबंध में ब्यौरे प्रकट नहीं किये जाते हैं।

Amount recovered on Oxytetracycline

3657. SHRI DHARANIDHAR BASUMATARI:
DR. (SHRIMATI) SAROJINI MAHISHI:

Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) on what basis the prices of formulations produced by Pfizer and covered under court litigation were released;